तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

12 सतनामी स्वाभिमान दिवस पर समाज के नवनिर्वाचित...

11 तीन कक्षा के लिए थे 9 कमरे, 17 लाख से 2...




## आक्रोश : शासकीय प्राथमिक शाला हितेकसा के एक शिक्षक को दूसरी जगह भेजने पर जताई नाराजगी

# पांच कक्षा और केवल दो शिक्षक, नाराज ग्रामीणों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड गुरूर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हितेकसा में शिक्षक की कमी से नाराज ग्रामीणों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने का निर्णय ले लिया है। पालकों का कहना है कि जब तक यहां तीन शिक्षक नहीं होंगे, तब तक वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

पालकों ने बताया कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में कोचेरा स्कूल के एक शिक्षक ऋषि कुमार प्रधान को व्यवस्था के तहत प्राइमरी स्कूल हितेकसा भेजा गया था, लेकिन अचानक 18 अक्टूबर को उन्हें प्राइमरी स्कूल धनोरा में व्यवस्था के तहत भेज दिया गया। उसके बाद स्कूल में केवल दो ही शिक्षक हो गए। इससे ग्रामीण एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य नाराज हो गये। ग्रामीणों ने कहा कि प्राइमरी स्कूल में जब तक तीन शिक्षक की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक वे बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। शाला के बच्चे चन्द्रहास साहू, जिया साहू, हुलसी ने बताया कि यहां सिर्फ एक शिक्षक पांच कक्षा को पढ़ाते हैं। दूसरे शिक्षक को डाक बनाने एवं विभागीय कार्य से समय नहीं मिलता है। ऐसे में पढ़ाई कैसे करेंगे, यह समस्या खड़ी हो गई है। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष यशोदा बाई जुर्री, उपाध्यक्ष योगेश्वरी साहू, चन्द्रकला सोरी, जमीला मंडावी, गीता विश्वकर्मा, अनिता नेताम ने बताया कि ऋषि कुमार प्रधान को बाहर भेजने से रुकवाने के लिए 5-6 बार बीईओ कार्यालय जाकर आग्रह किया गया, लेकिन हमारी एक भी बात नहीं सुनी गई और उन्हें धनोरा भेज दिया गया। इससे अब हमारे गांव के स्कूल में केवल 2 ही शिक्षक रह गए हैं, जिसके कारण शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासी यह निर्णय लिया है।

### कहा- जब तक तीन शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक बच्चों को नहीं भेजेंगे स्कूल




#### पालकों का निर्णय उचित

शाला प्रबंधन समिति, पालक गण एवं ग्रामीणों ने जो निर्णय लिया है, एकदम उचित है। मैं उनका समर्थन करता हूं।

- भूपेश कुमार हिरवानी, सरपंच।

#### दर्ज संख्या कम, इसलिए भेजा

यहां दर्ज संख्या कम है, इसलिए व्यवस्था के तहत जिस शिक्षक को भेजा गया था, उसे धनोरा में भेज दिया गया है। अगर स्थानीय होता तो उस समय देखते।

चंदन ठाकुर, एबीईओ।

#### धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

रामस्वरूप ध्रुवे, विनोद नरेटी, प्रतोष नागवंशी, सीताराम सोरी, कुशल सिन्द्राम, भुकेश कोवाची, अमरुद कोवाची, उमेंन्द्र साहू, देवेन्द्र जुर्री ने बताया कि यहां पहले तीन शिक्षक थे, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण एक शिक्षक को अचानक धनोरा व्यवस्था के तहत भेज दिया है। हेडमास्टर को दबाव बना कर उन्हें रिलीव करने पर मजबूर कर दिया। यहां अब दो शिक्षक बचे हैं। पांच कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ा सकते हैं। एक शिक्षक तो सिर्फ आफिस कार्य करते हैं, तो हमारे बच्चों का भविष्य खराब होने लगा है। इसलिए पूरे पालक, ग्रामीण एवं शाला प्रबंधन समिति निर्णय लिया है कि यहां जब तक तीन शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज सकते। उन्होंने बुधवार को सुबह 11 बजे से स्कूल परिसर के सामने पंडाल लगाकर धरना देने की चेतावनी भी दी है। स्कूल के प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षक सभी पालकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने आग्रह कर रहे हैं, लेकिन पालक तैयार नहीं हैं।



### मिडिल स्कूल में केवल दो शिक्षक, पालकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताई समस्या

■ कहा- शीघ्र ही और शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की

**बालोद।** जिले में शिक्षकों की कमी के कारण स्कूली बच्चों का भविष्य अंधकार में है। जिले में शिक्षकों की मांग को लेकर स्कूली बच्चे और पालक लगातार शिकायत कर रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन द्वारा शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की जा रही है। इसी तरह शिक्षकों की कमी से जूझ रहे गुरुर ब्लॉक के ग्राम डोटोपार के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की समस्या बताते हुए, शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों की मांग पूरी नहीं होने पर तालाबंदी करने की चेतावनी भी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मिडिल स्कूल में करीब 80 बच्चे पढ़ाई करते हैं, उन्हें पढ़ाने के लिए मात्र 2 ही शिक्षक हैं, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बेहतर तरीके से नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर शीघ्र ही शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में स्कूल में तालाबंदी कर आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि बीते साल भी इस विद्यालय के बच्चों के साथ हम लोगों ने आंदोलन किया था, तब की व्यवस्था की गई। लेकिन, इस सत्र में फिर वही स्थिति निर्मित हो गई है, जबकि विकासखण्ड के कई स्कूलों में निर्धारित संख्या से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं।

## खबर संक्षेप

### धमधा के सूने मकान से लाखों की चोरी

**धमधा ।** सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक वार्ड 6 निवासी गौतम राम यादव ने शिकायत किया है कि वे ग्राम सलोनी जिला राजनांदगांव में कृषि कार्य करता है और धमधा में परिवार के साथ अपने ससुराल में निवास करता है। 19 अक्टूबर की शाम मकान में ताला जड़कर सास को कुम्हारी जाने के लिये बस बैठाया। अपनी पत्नी मंजूला यादव, बच्चो को लेकर कार से ग्राम सलोनी चला गया। 20 अक्टूबर की दोपहर फोन आया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। अज्ञात ने आलमारी से सोना चांदी के जेवरात गायब मिले।

### सोसायटी में चोरी

**भिलाई।** सोसायटी में चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ई) व 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि सेवा सहकारी समिति कुम्हारी के प्रबंधक प्रमोद कुमार रामटेके ने शिकायत किया है कि 16 अक्टूबर की शाम समिति कार्यालय कुम्हारी में चौकीदार सोनसाय चतुर्वेदी तबियत खराब होने से कार्यालय में ताला लगाकर अपने घर चला गया था। 17 अक्टूबर की सुबह चौकीदार जब पहुंचा तो उसने फोन कर बताया कार्यालय में चोरी हो गया है। कार्यालय से सीसी कैमरा केबल वायर 200 मीटर, 4 बोरा सिलाई मशीन, हेलोजन लाइट, एलईडी लाईट, समेत अन्य सामान पार कर दिया है।

### शिवनाथ नदी में कूदकर दी जान

**भिलाई।** एक युवक के शिवनाथ नदी में कूदकर अपनी जान देने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर पुलिस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव का मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। दुर्ग कतोवाली पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने शिवनाथ नदी से शव को बाहर निकाला। जिसका नाम दीपक नगर दुर्ग निवासी रविराज रंधावा के रूप में शिनाख्त किया गया। रविराज ने जिस ब्रिज से छलांग लगाई थी वहां उसकी कार लावारिस हालत में पड़ी मिली। सड़क पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। एसडीआरएफ टीम के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक उन्हें रविवार रात 11-12 बजे के घटना की सूचना मिली थी। पीपरछेड़ी ब्रिज के ऊपर लावारिश कार खड़ी है। अंधेरा हो जाने के कारण अपनी टीम को सोमवार सुबह भेजा। टीम मौके पर पहुची तो देखा कि कार ब्रिज में खड़ी है और नदी में शव पानी में तैरता दिखाई दे रहा है। इसी दौरान टीम को एनएचआई के अधिकारियों ने सड़क पर पड़ा सुसाइड नोट दिया।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** पीडब्ल्यूडी की फर्जी नियुक्ति पत्र देकर रुपए ऐठने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी प्रगति नगर रिसाली निवासी सिद्धार्थ कोरी उसके अन्य साथी द्वारा पीडब्लूडी विभाग नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए का ठगी किया। जिसकी शिकात क्वाटर नंबर 24बी, सड़क 36, सेक्टर 4 भिलाई निवासी अजय कुमार पटेल ने पुलिस से की थी। पिता चिंतामणी पटेल बीएसपी में नौकरी करते हैं। उनके साथ रामकुमार कोरी भी बतौर सहकर्मी के रुप में काम करता था। रामकुमार कोरी सेवानिवृत्त हो गया। पूर्व परिचय के दौरान चिंतामणी पटेल को रामकुमार कोरी ने बताया कि उसका बेटा सिद्धार्थ कोरी पीडब्लूडी विभाग में नौकरी करता है, उसकी वहां अच्छी पकड़ है। अजय पटेल को भी नौकरी लगवा देगा।

# अंग्रेजी शराब दुकान में देशी की भी बिक्री शुरू बढ़ी परेशानी, नागरिकों ने की हटाने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कलेक्टर को आवेदन सौंपकर बताई समस्या

जिले के गुरुर नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में अंग्रेजी शराब दुकान के पास देशी शराब दुकान शुरू होते ही अहाता यानि चखना दुकान भी खोल दी गई है। उसके बाद से यहां आसपास रहने वाले लोगों की समस्या बढ़ गई है। रोज-रोज हो रही परेशानियों को देखते हुए शराब तथा चखना दुकान को हटाने की मांग को लेकर आर्मी जवान के साथ अन्य नागरिकों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा।

नागरिकों ने कलेक्टर को बताया कि यहां पहले केवल विदेशी शराब दुकान ही थी, जहां अब देशी शराब दुकान भी खोल दी गई है। इसके साथ ही अब इसके पास चखना दुकान भी खुल गई है। इससे आस पास के रहने वाले लोगों की समस्या बढ़ गई है। आस पास रहने वाले लोगों को आए दिन असामाजिक तत्वों से परेशान होना पड़ रहा है। लोग शराब के नशे में गाली गलौज करते हुए घर के नजदीक से होकर गुजरते हैं। इसके साथ ही बच्चे उसी रास्ते से होकर स्कूल आना-जाना करते हैं, जिन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं उन्हें हमेशा अनिष्ट की आशंका बनी रहती है। इसके कारण बच्चों को लेकर पालक भी चिंतित रहते हैं। इसके अलावा शराब पीने वाले लोग चखना सेंटर से पानी डिस्पोजल, गिलास, पाऊच सहित कई अन्य खाद्य सामग्री खरीदकर शराब पीने के बाद कचरे को रास्ते में फेंक देते हैं। इसके कारण यहां गंदगी भी बढ़ती जा रही है।

#### बहुत खराब हो गया है माहौल

सूबेदार महेन्द्र कुमार साहू के साथ भूपेंद्र सिंह नेताम, एचएस नेताम, कमलेश्वरी मरकाम, रेखराम साहू ने बताया कि अंग्रेजी शराब दुकान में ही देशी शराब भी बेची जाने लगी है। उसके बाद चखना दुकान भी खोल दी गई है। जिसके कारण हमारे घर के रास्ते पर डिस्पोजल एवं पानी की झिल्ली आदि गंदगी फैल रही है। इसके साथ ही शराब पीने वाले लोग आए दिन गाली गलौज एवं लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं, और घर के आसपास ही पेशाब भी कर देते हैं। इसके कारण आसपास का वातावरण बहुत खराब हो गया है। बच्चों तथा महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। हमेशा अनहोनी की आशंका बनी रहती है। वहीं, बहुत ज्यादा भीड़ होने के कारण दुर्घटना होने की आशंका भी बनी रहती है। समस्याओं को देखते हुए नागरिकों ने उक्त स्थान से शराब दुकान एवं अहाता को हटाने की मांग की है।

### पेंशनर समाज की बैठक 25 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज जिला बालोद की मासिक बैठक का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर झलमला में 25 अक्टूबर को 01 बजे रखी गई है। बैठक में नव निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन एवं निवृत्तमान पदाधिकारियों का विदाई सम्मान समारोह, नवंबर 2024 में जीवन प्रमाण पत्र भरना, पेंशनर दिवस समारोह आयोजित करना, कोषाध्यक्ष द्वारा आय–व्यय का प्रतिवेदन, तहसील व जिला से उच्चस्तरीय समाज के लिए अंशदान पर विचार किया जाएगा। रसीद बुक व लेटर पेड के प्रारुप का निर्धारण, दीपावली पर समसामयिक विचार अभिव्यक्ति, जिला संगठन के लिए पदाधिकारियों का मनोनयन, अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा की जाएगी।

### मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के लिए कलेक्टर से मिले विधायक...



**बालोद।** आगामी नगरीय निकाय चुनावों की मतदाता सूची के प्रकाशन और नाम परिवर्तन तथा जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया को लेकर गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया और संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल से मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में त्रुटि एवं विसंगति को लेकर चर्चा की और त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने का आग्रह किया।

### शिक्षक एलबी संवर्ग कल जिला मुख्यालय में देगा धरना

**डौंडीलोहारा।** शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों के निराकरण व लंबित महंगाई भत्ता की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें विकासखंड डौंडीलोहारा के सभी एलबी संवर्ग के शिक्षक एक दिवस का सामूहिक अवकाश लेकर शामिल होंगे। विकासखंड के पदाधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की सूचना विकासखंड शिक्षाधिकारी डौंडीलोहारा को दी है। इस दौरान डौंडीलोहारा ब्लॉक संचालक के रूप में अविनाश कुमार साहू, अनिल कुमार दिल्लीवार, अमित सिन्हा ब्लॉक पदाधिकारी पदाधिकारी संतोष देवांगन, विजय कुमार पटेल सहित एलबी शिक्षक संवर्ग के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## पुलिस साइबर प्रहरी ग्रुप चलाया जागरुकता अभियान

# विनायकपुर में बच्चों और ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचने के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंडा थाना क्षेत्र में अपराधों से बचने ग्रामीणों में जनजागरुकता बढाने सहित कानून की जानकारी देने थाना पुलिस अंडा लगातार स्कूल, कॉलेज में लगातार साइबर अपराधों से बचने नई पहल करते हुए साइबर प्रहरी ग्रुप शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विनायकपुर स्कूल प्रांगण में साइबर प्रहरी में स्मार्ट फोन से व्हाक्सअप ग्रुप हजारों व्यक्ति जुड़कर साइबर अपराधों पर नई सूचना व सचेत, साइबर ठगी से बचने आमजनों को जागरुक कर रहा है। इसकी मानिर्टरग कन्ट्रोल पाइंट से होती है।

युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचने व गांव में अपराधों को कम करने सटीक जानकारी देते हुए थाना अंडा एएसआई तुलसी राम साहू ने बताया कि घर में नगदी व कीमती गहनों को न रखें, नगदी हमेशा बैकों में रखें। घरों में अनजान व्यक्ति, घुमन्तु, फेरी वालों से सामान लेना बंद करें। आज के वैज्ञानिक युग में अंधविश्वास के फेर में बिल्कुल न पड़ें। संदेह होने पर तुरंत पुलिस व साइबर फ्राड होने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं. 1930 कॉल करें। अपना बैंक एकाउण्ट नंबर, पासवर्ड आदि किसी को न बताएं। इंटरनेट बैंकिंग ट्रांजेक्शन का इस्तेमाल कभी भी सार्वजनिक जगह, कैफे, पार्क, सार्वजनिक मीटिंग और किसी भीड़ भाड़ स्थान में नहीं करें। एटीएम पिन कोड को लिखकर न रखें। अंडा थाना प्रभारी डा. भानुप्रताप साव ने बताया कि थाना क्षेत्र अंडा के पूरे 19 गांव में पुलिस टीम जागरुक कर अच्छी पहल कर रही हैं। वहीं, पुलिस की तिरछी नजर 112 व पुलिस गश्त होने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई। कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत, शिक्षक भातेंद्र गंगराले, सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, मालती साहू, पूर्णिमा कोशले, संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, दीपमाला यादव, तरुण साहू सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### बीएसपी और उद्योग परस्पर हों आत्मनिर्भर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा भिलाई निवास में एक दिवसीय वेंडर्स मीट कार्यक्रम का आयोजन हुआ । इसमे 50 से अधिक प्रमुख स्थानीय उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती और संयुक्त निदेशक (एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय) राजीव एस नायर विशिष्ट अतिथि थे। सीजीएम पीके सरकार, बीके बेहरा, टीके कृष्ण कुमार, के.सी. मिश्रा, एके मिश्रा तथा महाप्रबंधक एसीवीओ सत्यब्रत सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री चक्रवर्ती ने बीएसपी तथा स्थानीय उद्योगों की परस्पर निर्भरता पर जोर दिया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### शिक्षक लक्ष्मीचंद ने कराया न्योता भोज

**डोंडीलोहारा।** नगर के बालक पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक लक्ष्मीचंद सोनवानी ने अपनी सुपुत्री मानसी के जन्मदिन पर नेवता भोज का आयोजन किया। इसके तहत बच्चों को खीर-पूड़ी और केला पूरक पोषण आहार के रूप में परोसा गया। संस्था प्रमुख कमल कुमार आलेन्द्र ने मानसी के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। शिक्षक मनोज कुमार देवांगन, वंदना साहू, लिखमी चंद सार्वा ने अपनी सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन लोकेश्वर सिंह निषाद तथा आभार प्रदर्शन विदेशीराम भुआर्य ने किया।

### पीएमश्री शालाओं के लिए जिलास्तरीय समर कैंप आज

**बालोद।** पीएमश्री शालाओं के लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय समर कैम्प का आयोजन 23 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे से शाम बजे तक तांदुला पुल के समीप में किया जाएगा। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला बालोद ने बताया कि जिला स्तरीय एक दिवसीय समर कैम्प में जिले के 08 पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, प्रहसन की प्रस्तुति देंगे। इसके अतिरिक्त रंगोली, चित्रकला, फुगड़ी, मूर्तिकला, मेंहदी, वाद–विवाद, क्विज प्रतियोगिता, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

### रमन मंदिर वार्ड में गैस कनेक्शन वितरण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रमन मंदिर वार्ड में 180 महिलाओं को गैस कनेक्शन का वितरण विधायक पुरंदर मिश्रा एवं पार्षद सूर्यकांत राठौड़ द्वारा किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को धुएं से राहत दिलाने के लिए गरीब परिवार की महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने की योजना बनाई है।इससे जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी।

### 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन एक राज्य स्तरीय संस्था है। इससे जुड़े 90 हजार से ज्यादा फोर व्हीलर वाहन के चालकों की समस्या सुलझाने के साथ ही ड्राइवर्स के अधिकार और सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इसका हमें अभी तक अच्छा परिणाम मिला है। इस जानकारी के साथ हमने कलेक्टर सहित शासन, प्रशासन से तीन सूत्रीय मांग की है। पत्रकारवार्ता में यह जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सेन, उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम ने बताया कि अहम मांगों में ड्राइवर आयोग का निर्माण, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड बनाने के साथ ही 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग रखी है। इस पर अगर मई 2025 तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जून से सभी ड्राइवर स्टेयरिंग छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूख करेंगे।

---

**परेशानी : गुण्डरदेही विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तवेरा में ऐसी मनमानी**

# तीन कक्षा के लिए थे 9 कमरे, 17 लाख से 2 और बना दिए, शौचालय नहीं बनाया, भटक रहे बच्चे







**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद**

एक ओर जहां जिले के कई स्कूलों के 5-5 कक्षाओं के विद्यार्थी एक ही कमरे में पढ़ने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर इसी जिले में एक ऐसा भी विद्यालय है, जहां केवल 3 कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 11 कमरे हैं। पहले 9 कमरे थे, उसके बाद भी 2 अतिरिक्त कमरों के लिए 17.10 लाख रूपए की स्वीकृति दे दी गई। उस रकम से 2 कमरे बना दिए गए। इससे अब केवल 3 कक्षाओं के लिए 11 कमरे हो गए हैं। लेकिन, अभी भी यहां के बच्चों को सभी जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इतनी राशि खर्च कर अनुपयोगी कमरों का निर्माण करने और कराने वाले जिम्मेदारों ने विद्यार्थियों के लिए शौचालय बनाना उचित नहीं समझा। विद्यालय के विद्यार्थी आज भी अंधेरे, गंदगी और बदबू युक्त, अस्थाई यूरिनल का उपयोग करने को मजबूर हैं।

मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड के पूर्व माध्यमिक शाला तवेरा का है। यहां लाखों खर्च करने के बाद भी विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, हवादार और साफ सुथरा शौचालय नहीं है। शाला प्रबंधन ने दो कमरों के बीच की खाली जगह को ऊपर से टीन से ढककर वैकल्पिक व्यवस्था की है। जिस स्थान पर बच्चियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, वहां न हवा की व्यवस्था है और न ही प्रकाश की। वहीं, उस स्थान पर भवन निर्माण सामग्री का मलबा रखा हुआ है, जहां जहरीले कीड़े, मकोड़ों व सांप-बिच्छु का खतरा हो सकता है। हवा, प्रकाश, सफाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण वहां भारी गंदगी व बदबू का आलम है। स्थिति इतनी खराब है कि उसकी बदबू पास बने दो कमरों तक पहुंच रही है। वहीं, विद्यालय के बच्चों का दुर्भाग्य ही है कि यहां 2020 में समग्र शिक्षा के तहत ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा संभाग द्वारा 79 हजार की लागत से शौचालय का निर्माण प्रारंभ हुआ था, जो आज तक अधूरा है।




**स्टीमेट के आधार पर हुआ कार्य**

कार्य स्टीमेट के आधार पर कराया गया है। कार्य में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। आप लोग बता रहे हैं, तो दिखवाता हूं।

- बीके गोठी, अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग

अतिरिक्त कक्ष निर्माण के बाद राशि बचने पर विभाग व ठेकेदार ने पुराने जर्जर भवन की छत की मरम्मत करवाई। जबकि शासन ने राशि अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए दी थी, उसमें मरम्मत कराने का उल्लेख नहीं था। जब स्कूल के शिक्षकों को पता चला कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण के बाद राशि बची है, तो उन्होंने ठेकेदार व निर्माण विभाग के जिम्मेदारों से बालिकाओं के लिए सुरक्षित व सुविधाजनक युरिनल बनाने का आग्रह किया, लेकिन किसी ने शिक्षकों की नहीं सुनी।

### निर्माण के साथ ही जर्जर होने लगा अतिरिक्त कक्ष

वहीं, अतिरिक्त कक्ष निर्माण के साथ ही जर्जर होने लगा है। छत से पानी सीपेज कर रहा है। पुट्टी उखड़ने लगी है। दीवारें में दरारें पड़ने लगी हैं, एवं टाईल्स उखड़ने लगी हैं। शाला के प्रधान पाठक इन्द्रजीत साहू ने कहा कि हम कार्य से बिलकुल संतुष्ट नहीं है। भवन में अभी से खराबी आने लगी है। हमने बचत राशि से बालिका युरिनल बनाने कई बार अनुरोध किया, लेकिन ठेकेदार के लोगों ने नहीं सुना। हमने दो कमरों के मध्य खाली जगह पर टीन लगाकर वैकल्पिक व्यवस्था की है। तत्कालीन प्रधान पाठक केएल साहू जो सेवानिवृत्ति के बाद एक्टेंशन पर हैं, ने कहा कि हमने ठेकेदार व विभाग के लोगों को कई बार बच्चियों के लिए युरिनल बनाने के लिए कहा पर किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने बताया कि 4 वर्ष पूर्व यहां एक शौचालय बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, जो उपयोग के पहले ही जर्जर हो गई है। शौचालय के टैंक का हमने ढक्कन लगवाया है, क्योंकि खुले टैंक में बच्चों के गिरने का खतरा था।

---

## विधायक संगीता के बेटे अनय बने राष्ट्रीय हॉकी विजेता टीम का हिस्सा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर**

- राजकुमार कॉलेज रायपुर की टीम ने पंजाब को 3–1 से हरा कर जीता गोल्ड



विधायक संगीता सिन्हा व पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा के पुत्र अनय सिन्हा को ऑल इंडिया इंटर पब्लिक स्कूल की हाकी प्रतियोगिता में गोल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। अनय की टीम ने पंजाब की टीम को 3–1 के अंतर से हराया है। अनय सिन्हा राजकुमार कॉलेज रायपुर में कक्षा 11वीं का छात्र है। अनय सिन्हा की टीम राष्ट्रीय स्तर की इंटर पब्लिक स्कूल हॉकी प्रतियोगिता अंडर 19 फाईनल में पंजाब की टीम का 3–1 के अंतर से हराया। इस जीत के साथ ही राजकुमार कॉलेज की टीम आईपीएससी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय चैंपियन बन गई। बता दें कि अनय सिन्हा बीते साल 2023 में अंडर 17 में ऑल इंडिया इंटर पब्लिक स्कूल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुका है। गौरतलब है कि अनय सिन्हा की बड़ी बहन अनन्या सिन्हा भी इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली राजकुमार कॉलेज रायपुर की टीम का हिस्सा रह चुकी है।

---

**नवीन ग्राम पंचायत बनाने की माँग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

## बड़ी पंचायत है खलारी, ग्रामीणों ने की दो पंचायतों में विभाजित करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद**

जिले के ग्राम खलारी के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत खलारी का विभाजन कर नवीन ग्राम पंचायत बनाने की माँग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत खलारी विकासखण्ड डौण्डी का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है, जहां कुल 4 पारा, मोहल्ला है, जहां 20 वार्ड हैं। ग्राम पंचायत खलारी का मुख्यालय बड़ेपारा में स्थापित है। बड़ी ग्राम पंचायत होने के कारण शासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं का लाभ सभी पारा, मोहल्ला को नहीं मिल पाता। इससे ग्राम का विकास नहीं हो पा रहा है।



ग्राम पंचायत खलारी, कुम्हारपारा एवं नयापारा के मतदाताओं की मांग है कि ग्राम पंचायत खलारी का विभाजन कर एक और नवीन पंचायत का गठन किया जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में कोई काम से जाने पर वहां इतनी भीड़ रहती है कि लोगों का काम आसानी से नहीं हो पाता तथा लोगों को ग्राम पंचायत में भी काम के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। अन्य योजनाओं में जिनको लाभ मिल रहा है उनको मिल रहा है अन्य कोई उसका लाभ लेना चाहे तो लाभार्थी की संख्या पहले ही पूर्ण हो चुकी रहती है तथा कई योजनाओं का तो प्रत्येक ग्रामीण को लाभ ही नहीं मिल पाता जिससे ग्रामीणों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### पंचायत चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

ग्रामीण नरेश कुमार, बिन्दु रावटे, खोरबाहरा ने बताया कि पंचायत का परिसीमन कर नवीन पंचायत बनाने की माँग की गई है। पूर्व में भी इस विषय को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए पुनः माँग कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

---

## पटाखा दुकानों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित करें, अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद**

- अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी

जिले में संचालित सभी स्थायी, अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित नही करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, अधिनियम 2018 व छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे– कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम 3 मीटर की दूरी पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जानी चाहिए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित किया जाना अनिवार्य है।

किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइन्ट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। पटाखा दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हों और उसके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 05 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए जिसकी मारक क्षमता 06 फीट की होती है। पटाखा दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाईक, कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

---

## रबी में धान की जगह दलहन, तिलहन मक्का व गन्ने की खेती करेंगे किसान



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर**

- ग्राम अरकार में आयोजित बैठक में किसानों ने लिया निर्णय

ग्राम अरकार में लगातार लगभग 50 वर्षों से 450 हेक्टेयर में रबी में धान की फसल ले रहे किसानों द्वारा इस वर्ष कृषि उपसंचालक बालोद कृषि विभाग गुरुर के सतत प्रयास व किसानों के सहयोग से शासन द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत रबी में धान फसल की जगह दलहन, तिलहन, मक्का एवं गन्ना खेती करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर बैठक में शासन प्रशासन के मध्य यह निर्णय लिया गया।

गुरुर ब्लॉक में निरंतर पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसकी तहसील मुख्यालय में पिछले चार–पांच वर्षों से पीने के पानी के लिए लोगों को समस्या से जूझना पड़ता है। इसके कारण किसान अब जागरुक होकर धान के बदले अन्य फसल दलहन, तिलहन मक्का की खेती के लिए अग्रसर हो रहे हैं। जिसमें कम पानी में खेती कर उत्पादन प्राप्त कर सके, इसी के कारण ग्राम अरकार में सोमवार को ग्राम के किसानों ने रबी में धान फसल की जगह दलहन तिलहन फसल लेने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष रबी सीजन में किसान धान की फसल लगाए गए थे जो कि वाटर लेवल डाउन होने के चलते बोर सूखने लगे थे, जहां धान की फसल को पानी की समस्या से जूझना पड़ा था, जिसके चलते किसानों को धान की फसल में नुकसान उठाना पड़ा था। उपसंचालक कृषि बालोद जीएस ध्रुव ने अरकार सहित अन्य गांवों के किसानों को से कहा कि किसान एक वर्ष में तीन फसल ले सकते हैं। धान फसल कटाई के बाद चना व गेहूं फसल, उसकी कटाई के बाद उड़द, मूंग की खेती की जा सकती है। वर्तमान स्थिति में गुरुर ब्लॉक के अधिकांश किसान तीन फसल उत्पादन ले रहे हैं।

### इन गांवों के किसानों ने रबी में धान लेने से किया तौबा

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर ने बताया कि पिछले एक माह से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक गांव में किसानों की बैठक लेकर उन्हें रबी में धान की जगह दलहन, तिलहन, मक्का व गन्ना लगाने की समझाइश दी जा रही है, क्योंकि गर्मी में भी धान फसल लेने से गुरुर ब्लॉक में वाटर लेवल डाउन हो जाता है, जिससे पेयजल की समस्या ज्यादा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि गुरुर ब्लॉक के ग्राम नरबदा सरबदा, पलारी, सुर्रा, सोहपुर, कोशागोंदी, सनौद, धनेली, मिर्रीटोला, फागुन्दाह, चंदनबिरही, दियाबाती, दर्रा, खर्रा, अकलवारा, खोरदो सहित अन्य ग्रामों में रबी सीजन में धान की फसल नहीं लगाने का निर्णय लिया गया है।

इस अवसर पर बैठक में जिला पंचायत सदस्य केदार देवांगन, उपसंचालक कृषि बालोद जीएस धुरव, सहायक संचालक कृषि बालोद आशीष चंद्राकर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गुरुर सीएल ठाकुर, कृषि विकास अधिकारी टिकेंद्र पटेल, सरपंच एवं भूतपूर्व सरपंच सहित किसान उपस्थित थे।

---

**15 दिनों में मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी**

## नगर पंचायत डोंडी को ग्राम पंचायत बनाने की मांग, नागरिकों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी**

नगर पंचायत डोंडी को वापस ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर सोमवार को नगर वासियों ने एनओसी जारी करने के लिए सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने समस्या का निदान 15 दिन में करने की मांग की। इसके साथ ही समय-सीमा में मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

नगर पंचायत डोडी निवासी कृष्णाराम रावटे रामचंद्र कृष्णन मदन लाल ठाकुर जनकलाल चक्रधारी तेज सिंह अलेन्द्र सहित बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि हम लोग पिछले 21 साल से नगर पंचायत से जुड़े हुए हैं। यहां की आबादी लगभग 8000 के आसपास है, जिसमें 90 प्रतिशत लोग छोटे काश्तकार हैं तथा 10 प्रतिशत वसुंधरा निवास करते हैं। खरीफ फसल की कटाई के बाद लोगों के पास काम नहीं होने की वजह से रोजी-रोटी की समस्या खड़ी होती है और लोग काम करने के लिए बाहर अन्य गाँव चले जाते हैं। डोंडी नगर पंचायत क्षेत्र में होने के कारण यहां गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले किसानों गरीबों को शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पाता। नगर वासियों ने कहा कि इंदिरा आवास वन अधिकार पट्टा सहित अनेक योजना से लोग आज भी वंचित हैं। नगर पंचायत में रहने से सभी किसान और वसुंधरा को मकान टैक्स नल जल टैक्स बिजली टैक्स का अधिक बोझ उठाना पड़ रहा है। खेत में बोर खनन के लिए अनुमति, घर मरम्मत के लिए अनुमति अपने ही जमीन में घर बनाने के लिए अनुमति, इस तरह से कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। इससे किसान एवं सभी वार्डवासी परेशान हैं। नागरिकों ने उक्त सभी शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए नगर पंचायत डोंडी के सीएमओ से नगर पंचायत डोंडी को फिर से ग्राम पंचायत बनाने के लिए एनओसी प्रदान करने का आग्रह किया। नागरिकों ने कहा कि यदि 15 दिनों में उनके आवेदन पर विचार कर एनओसी जारी नहीं किया गया, तो वे लोग निकाय कार्यालय का घेराव करेंगे।






## खबर संक्षेप

### केदार के ओएसडी बने वैद्य

**रायपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी जितेंद्र कुमार गुप्ता की सेवाएं सहकारिता विभाग को वापस करते हुए प्रदीप कुमार वैद्य को श्री कश्यप का नया ओएसडी बनाया गया है। श्री वैद्य संयुक्त कलेक्टर कांकेर के पद पर कार्यरत हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

### अवतरण दिवस पर 101 यूनिट ब्लड डोनेट

**दुर्ग।** जिला हॉस्पिटल में पूज्य सतगुरु साई गोबिंदराम साहिब के 80 साला अवतरण दिवस के अवसर पर संत डॉ युधिष्ठिर लाल साहिब के सानिध्य मे शदाणी सेवा मण्डल एवं शदाणी युवा मण्डल सिंधी समाज, नवदृष्टि फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा 101 यूनिट ब्लड जरुरत मंद मरीजो के लिए डोनेट किया गया। इस अवसर पर डॉ मनोज दानी सीएमओ, डॉ हेमंत साहू सिविल सर्जन, डॉ प्रवीण अग्रवाल नोडल अधिकारी ब्लड बैंक, डॉ पियूष श्रीवास्तव, आसनदास मोहनानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी जनरल पंचायत, सेवकराम खत्री अध्यक्ष पूज्य शदाणी सेवा मण्डल, राजू पाहुजा राज अडतीया, जितेंद्र हासवानी, प्रेम शोभानी उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय उन्नयन प्रशिक्षण संपन्न

**दुर्ग।** मछली पालन विभाग द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण योजना अंतर्गत 3 दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखण्ड दुर्ग एवं धमधा प्रभारियों द्वारा 200 पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण सह भ्रमण कराया गया। जिसमें जिपं. अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव, उपाध्यक्ष अशोक साहू, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष श्रीमती योगिता एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी साहू उपस्थित थी।

### जरुरतमंदों को बांटी गई आवश्यक सामग्री

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की पावन प्रेरणा से दीपावली के निमित्त संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में जरूरतमंद 500 परिवारों को जीवन उपयोगी आवश्यक सामग्री जैसे ग्राम कपड़े, साड़ी, पेंट शर्ट, बर्तन, दिया, तेल, मिठाई, जूते चप्पल, बाल्टी, नूतन वर्ष 2025 की कलेंडर बांटी गई। कार्यक्रम में उड़ीसा के महाराज ओमकारा नन्द के सानिध्य में हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान ने हमें एक दिन और रात मिलाकर 24 घंटे दिए है हम सुबह से शाम रात तक परिवार और दोस्तों के बीच में रहते है इस 24 घंटे में कम से कम 1 घंटे भगवान नाम कीर्तन या जप में करें। करोना काल की घटना से सभी को एक सीख मिली है कि मृत्यु कभी भी आ सकती है जिन्हें स्वस्थ रहना है सुबह जल्दी उठे और शुद्ध हवा का सेवन करे आसान, प्राणायाम, व्यायाम जरूर करें।

### उप चुनाव के लिए तीन ने नामांकन दाखिल किया

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सोमवार को शबिस्ता खान, सुषमा अग्रवाल, महेंद्र कुमार बाघ ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

चुनाव : 26 को भाजपा कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

# आज भाजपा की नामांकन रैली, मुख्यमंत्री साय सहित कई बड़े नेता रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी 23 अक्टूबर को शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। रैली एकात्म परिसर से शुरू होकर कलेक्टोरेट तक निकाली जाएगी। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में सोमवार को दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा, एवं श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, संभाग प्रभारी सौरभ सिंह मौजूद थे।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, रायपुर दक्षिण के कार्यकर्ताओं का कर्जदार हूं, जिन्होंने मुझे आठ बार विधानसभा चुनाव में जिताकर मुझे विधायक बनाया। रायपुर दक्षिण मेरा घर है। अब जनता की सेवा करने के लिए एक और विधायक सुनील सोनी के रूप में चुनना है। उन्होंने कहा, यह चुनाव भविष्य में होने वाले नगर निगम और पंचायत चुनाव के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को कार्यालय उद्घाटन और दक्षिण विधानसभा सम्मेलन होगा।

**एकात्म परिसर में बनाई गई चुनाव की रणनीति**



### तीन विधायकों को मंडल का प्रभार

भाजपा ने चुनाव की रणनीति और कार्य योजना तैयार की है। रायपुर दक्षिण के विभिन्न मंडलों की जिम्मेदारी भाजपा विधायकों को सौंपी गई है और कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित भूमिकाएं दी जा रही हैं। चुनावी तैयारियों के तहत, विधायक पुरंदर मिश्रा को सिविल लाइंस मंडल, मोतीलाल साहू को पुरानी बस्ती मंडल और राजेश मूणत को लाखे नगर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं केदार गुप्ता और अवधेश जैन को सदरबाजार मंडल का प्रभार सौंपा गया है।

### रिकार्ड बनाकर जीतना है : शर्मा

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा ने कहा, पूरे प्रदेश में जीत का वातावरण राजधानी से तय होता है। हमें इस बार जीतना ही नहीं, बल्कि रिकार्ड बना कर जीतना हासिल करना है। चुनाव प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, यह केवल रायपुर दक्षिण का चुनाव नहीं है, बल्कि रायपुर के सभी विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं का संकल्प का चुनाव है।

### जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे सफल बनाना है : मूणत

विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा, पार्टी ने जो बड़ी जिमेदारी हम सब को सौंपी है, उसे सफल बनाना है। हमें इस चुनाव में पूरी मेहनत करनी है और विजय हासिल करने तक हमें रुकना नहीं है।

### शहर के विकास के लिए सदैव प्रस्तुत रहा हूं : सोनी

रायपुर दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोनी ने प्रत्याशी बनाए जाने पर सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, रायपुर की जनता ने मुझे सभापति, महापौर, सांसद के रूप में देखा है। इस शहर के विकास के लिए सदैव प्रस्तुत रहा हूं। उन्होंने कहा, सांसद बनने के बाद मैंने रायपुर को विकसित शहरों की श्रेणी में लाया।

# अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर बृजमोहन होंगे स्टार प्रचारक

मुख्यमंत्री, सभी मंत्री और पूर्व राज्यपाल बैस सहित 40 की सूची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी के नाम की घोषणा के बाद प्रदेश भाजपा ने निर्वाचन आयोग को भाजपा के स्टार प्रचारकों के 40 नामों की सूची दी है। सूची में अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को स्टार प्रचारक बनाया गया है। वहीं सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। सभी स्टार प्रचारक दक्षिण विधानसभा में सभाओं के माध्यम से भाजपा को वोट करने की अपील करेंगे।

### प्रदेश प्रभारी सहित कई विधायकों के नाम

जारी सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, पूर्व सांसद सरोज पांडेय, लता उसेंडी, अजय जामवाल, पवन साय, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, गौरीशंकर अग्रवाल, राजेश मूणत, चंदू लाल साहू, प्रेम प्रकाश पांडेय, शिवरतन शर्मा, मधुसूदन यादव, निर्मल सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, खुबचंद पारख, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, ललीत चंद्राकर, खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, गजेंद्र यादव, शालिनी राजपूत और नंदे साहू शामिल हैं।

# पटाखे फोड़ने के दौरान सुरक्षा का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आगामी दीपावली पर्व के दौरान अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानी हेतु अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है।

■ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ ने जारी की एडवायजरी

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि इस दौरान लायसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें। यह सुनिश्चित करें कि गुणवत्ता वाले पटाखे खरीदें जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हों। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों पर पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी निकट रखें। आग से संबंधित चोट के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें क्योंकि सिथेंटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ सकते हैं। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे हैं। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किए गए पटाखों का पानी की बाल्टी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना न हो। एक बार में एक ही पटाखे जलाएं एवं आग लगने की आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे जलाने से बचे।

### पटाखे में आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें

जारी एडवायजरी में कहा गया है कि पटाखे में आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान में रखें जिससे उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े। उन्होंने बताया कि इस दौरान घर के अंदर खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर कभी पटाखे न जलाए। पटाखे जलाते समय ढीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचें क्योंकि वे आसानी से आग पकड़ सकते है। ज्वलनशील पदार्थों के पास पटाखों का उपयोग न करें, पटाखों को सुखी पत्तियों, गैस सिलेण्डर या वाहनों जैसी वस्तुओं से दूर रखें। यदि कोई पटाखा जलने में विफल रहता है तो उसे पुनः जलाने का प्रयास न करें, अपितु कुछ देर प्रतीक्षा करने के उपरांत उसका सुरक्षित रूप से निपटान करें। यह सुनिश्चित करें कि पटाखे ऐसे स्थानों में न जलाए जाएं जो आग लगने की स्थिति में आपातकालीन निकास मार्ग को अवरूद्ध कर सकते हैं। तेल के दीयों या मोमबत्तियों को जलते हुए उपेक्षित न छोड़े, विशेष रूप से पर्दा या ज्वलनशील पदार्थों के पास। किसी भी तरह की चोट लगने या जलने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें तथा उचित मार्ग दर्शन के बिना घरेलू उपचार न करें।

# कौशल प्रशिक्षण के लिए डोंडी में काउंसिलिंग आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में केन्द्र व राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इसके तहत 14 से 45 वर्ष के युवाओं को काउंसिलिंग कर प्रशिक्षण देकर रोजगार व स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम कन्नेवाड़ा में ''कौशल पखवाड़ा'' का आयोजन किया गया। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत डौण्डी में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, 24 अक्टूबर को सामुदायिक भवन देवरी में सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तथा सामुदायिक भवन अर्जुंदा में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक काउंसिलिंग की जाएगी। इसी तरह 25 अक्टूबर को जनपद पंचायत सभागार गुण्डरदेही में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, 28 अक्टूबर को जनपद पंचायत बालोद में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक और 29 अक्टूबर को अरमरीकला पंचायत भवन में सुबह 01 बजे से दोपहर 03 बजे तक युवाओं की काउंसिलिंग कर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**सहमति के लिए नर्सिंग काउंसिल को चिकित्सा शिक्षा विभाग भेजेगा चिट्ठी**

# नहीं मिले पर्याप्त आवेदन, जीरो परसेंटाइल में बीएससी प्रवेश को हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवेदन का एक और मौका देने के बाद भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पर्याप्त छात्र नहीं मिले। बीएससी नर्सिंग के प्रवेश के लिए जीरो परसेंटाइल के नियम को अनुमति देने के लिए आईएनसी से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग काउंसिल को पत्र भेजने की तैयारी में है। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन का हाल काफी बुरा है। शासकीय कालेजों में तो प्रवेश किसी तरह पूरा हो जाता है, मगर निजी कालेजों की स्थिति काफी बुरी हो जाती है। इस बार भी एमएससी समेत अन्य नर्सिंग विषयों में एडमिशन के लिए निजी कालेजों में छात्रों का टोटा पड़ा है। खासकर बीएससी नर्सिंग में एडमिशन के लिए 4775 सीटें खाली हैं जो बड़ा आंकड़ा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने इन सीटों पर एडमिशन के प्रवेश परीक्षा में पात्र हुए अभ्यार्थियों से पुनः आवेदन मंगाया था, मगर अनुमान के विपरीत बेहद कम संख्या में लोगों ने रुचि दिखाई। सोमवार को प्राप्त आवेदनों के आधार पर 560 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी कर उन्हें 25 अक्टूबर तक प्रवेश का वक्त दिया गया है।



सूत्रों का कहना है कि इसके बाद खाली सीटों का हवाला देते हुए न्यूनतम अंक के नियम को समाप्त कर जीरो परसेंटाइल के आधार पर प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को पात्र किए जाने की मांग की जाएगी। नर्सिंग विषयों में भी एडमिशन की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर तय की गई है, इसलिए जीरो परसेंटाइल पर प्रवेश अगले तीन चार दिनों में प्रारंभ किए जाने की संभावना है।

### एमएससी का भी हाल बुरा

बीएससी की तरह एमएससी नर्सिंग एडमिशन का भी हाल बुरा है। एमएससी के नए ऑनलाइन आवेदन की संख्या 153 है, जबकि खाली सीट 416 है। इसी तरह पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 232 सीटों के लिए 115 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। इन पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर ही तय की गई है।







# खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक जायसवाल हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ राशन बचत घोटाले में विभाग के अधिकारी कर रहे थे अफसर को हटाने की मांग

सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल को हटा दिया है। उन्हें खाद्य विभाग मंत्रालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर नीलिमा एल्मा को मंत्रालय से संचालनालय में बतौर अतिरिक्त संचालक पदस्थ किया है। बताया जाता है कि खाद्य विभाग में 600 करोड़ के राशन बचत घोटाले में संचालनालय के अतिरिक्त संचालक का नाम प्रमुखता से आ रहा था। बताया गया है कि राशन बचत घोटाले को दबाने के लिए 13 हजार राशन दुकानों के घोषणापत्र गायब करा दिए गए। राशन दुकानदारों का कमीशन काट लिया गया। बाजार से नियम विरुद्ध चावल खरीद कर रखवाया गया। विभाग के मैदानी अमले पर कार्यवाही का दबाव डालने की कोशिश की गई। इन कारणों से खाद्य विभाग सहित प्रदेश के 13 हजार राशन दुकानदार हड़ताल पर चले गए। करोड़ों के राशन बचत घोटाले को लेकर पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। विभाग के अधिकारियों ने समिति से मांग की थी कि अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल के खाद्य संचालनालय में पदस्थ रहते हुए निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

### नए फरमान के विरोध के बाद कार्रवाई

हाल ही में खाद्य संचालनालय ने राशन दुकानों के राशन वितरण की जानकारी के लिए फिर घोषणापत्र का विकल्प देते हुए अब राशन के वितरण और बचत की पुष्टि खाद्य निरीक्षकों से कराने का निर्णय लिया है। खाद्य संचालनालय ने महीने की 1 से 10 तारीख के बीच इसकी पूरी जानकारी देने का नया फरमान जारी किया है। खाद्य निरीक्षकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे मानने से इनकार कर दिया था।



## खबर संक्षेप



### एफएसएनएल में चित्रकला स्पर्धा, विजेता पुरस्कृत

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर–4 में हुआ। महाप्रबंधक पंकज त्यागी व अध्यक्षता मुख्य अतिथि सहायक शिक्षिका केया चौधरी, और अध्यक्षता महाप्रबंधक पंकज त्यागी तथा सहायक शिक्षिका चंद्रिकाराण विशेष अतिथि थीं। श्री त्यागी ने कहा कि साफ–सफाई से हमें जीवन में आनेवाली परेशानियों से मुक्ति मिलती उन्होंने चित्रकलाप्रतियोगिता में प्रथम विजेता कल्पना, द्वितीय–मयंक, तृतीय आस्था को पुरस्कृत किया।

### प्राणघातक हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**धमधा।** प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 19, 3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना परगोरपा निवासी सुधीर पटेल, जय प्रकाश उर्फ खिलेश एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। ग्राम अकोली निवासी रोशन वर्मा अपने साथियों के साथ शराब दुकान के पास शराब पी रहे थे। इस दौरान सुधीर और जय प्रकाश अपचारी बालक मिलकर चाकू से ओमकार के सिर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। छुड़ाने पहुचे पीड़ित पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है।

### ओयो होटल में दबिश संदिग्ध हालत में युवक युवतियां पकड़े गए

**धमधा।** ओयो होचल में पुलिस ने दबिश देकर 6 जोडो युवक युवतियों को पकड़ा है। जिन्हे समझाइश देकर छोड़ दिया गया है। घटना धमधा पुलिस थाना क्षेत्र का है। ओयो होटल मैनेजर सरायपाली निवासी गजेंद्र सतपथी को पकड़कर उसके खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई किया है। धमधा नगर में लंबे समय से ओयो हटलों में अवैध कार्य चल रहा है। नगर पंचायत धमधा के नाक के नीचे इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

**आयोजन : सभी पदाधिकारियों को गुरु सोमेश साहेब ने दिलाई शपथ**

# सतनामी स्वाभिमान दिवस पर समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


जिले में सतनामी स्वाभिमान दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर नियुक्त संजय बारले व उनकी टीम ने शपथ ग्रहण किया। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को गुरु सोमेश साहेब ने शपथ दिलाई।

धर्मगुरु बालदस साहेब गुरुगद्दी नसीन गुरुद्वारा भंडारपुरी धाम के अवतरण दिवस जो 18 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसे सतनामी समाज स्वाभिमान दिवस के रूप में मानते हैं। इसी को लेकर बालोद जिला सतनामी समाज के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मगुरु बालदास साहेब गुरुगद्दी नसीन गुरुद्वारा भंडारपुरी धाम व जीवतारण हार गुरु सोमेश साहेब संस्थापक सतनाम आध्यात्मिक शक्ति परिवार भंडारपुरी धाम तथा राजमंहत डोमलाल कोसेवाड़ा जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कृष्णकांत पवार, नगर पालिका बालोद अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू उपस्थित थे।



### इन पदाधिकारियों ने ली शपथ

समारोह में अध्यक्ष संजय बारले, महासचिव संजय जोशी, सचिव संत राम बंजारे, कोषाध्यक्ष गोवर्धन बारले, उपाध्यक्ष गंगा बाई टंडन, श्यामा बाई, गोपाल दास बंजारे, ढालचंद देशलहरे, संगठन सचिव रमेश कुमार रात्रे, निर्मल कुमार बघेल, सुंदर राम सोनवानी, बीरबल डहरे, राम माण्डले, कार्यकारिणी सदस्य धन्नुलाल टंडन, कैलाश बारले, गणेशिया बाई टंडन, सावित्री गोयल, बिंदिया बघेल, राधिका टांडिया, रामदयाल बघेल, तेजराम टंडन ने शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में संरक्षक प्रेमदास टंडन, अशवन बारले, विजय बघेल, मातरम कोसरे, कोर कमेटी सदस्य शशि बंजारे, चंद्रकुमार देशलहरा, तुलसीराम बारले का रहा। मंच संचालन भूपेंद्र चाणक्य ने किया।



### स्वाभिमानी है सतनामी समाज, किसी से डरता नहीं : गुरू सोमेश साहेब

शपथ ग्रहण के बाद गुरु सोमेश साहेब का गुरु अमृतवाणी प्रारंभ हुआ। गुरुजी ने सतनामी समाज की सभी गतिविधियों की ओर प्रकाश डालते हुए बताया कि सतनामी समाज गुरुमुखी समाज है, क्योंकि सतनामी समाज परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के बताए हुए मार्ग पर चलते हैं एवं गुरु के मुखारविंद से निकले हुए वाणी व विचार को लेकर चलते हैं। सतनामी समाज गुरु प्रधान समाज है, क्योंकि गुरु घासीदास बाबा के प्रथम पुत्र सात धारी गुरु अमर दास बाबा ने परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के आध्यात्मिक जीवन को लेकर समाज के बीच पहुंचकर हम अपने जीवन को किस तरह बुरी प्रवृत्तियों से बचा सकते हैं, यह बताकर समाज में परिवर्तन लाने का प्रयास किया। गुरु घासीदास बाबा के दूसरे पुत्र गुरु बालक दास साहेब ने समाज को एकता में बांधने के लिए, संगठित करने के लिए गांव–गांव जाकर रौटी लगाया। पूरे मध्य भारत में सतनामियों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में लड़े। उनकी शक्ति के आगे कई राजाओं को झुकना पड़ा। उस समय अंग्रेजों का शासन था। बालक दास साहेब के कार्यों को देखकर अंग्रेजों ने बालकदास साहेब को सतनामी राजा के रूप में तलवार व मुकुट दिया, जिस कारण से सतनामी समाज को गुरु प्रधान समाज भी कहा जाता है। धर्मगुरु बालदास साहेब ने कहा कि सतनामी समाज एक स्वाभिमानी समाज है, वह किसी से डरने वाला नहीं है। वह अपना कार्य स्वयं करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सतनामी समाज का एक बैलाज होना चाहिए, जिससे सतनामी समाज की समस्त गतिविधि संचालित हों। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज सत्य को मानने वाला समाज समाज है, क्योंकि 36 जाति मिलकर हिंदू समाज का निर्माण हुआ है।

## धानापुरी स्कूल के बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**बालोद।** वन्य प्राणियों के संरक्षण से पर्यावरण का संतुलन रहेगा, आओ हम सब मिलकर अपने घरों में, खेतों में, खाली जगह पर पौधा रोपित कर उनकी देखभाल करें। उक्त बातें ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने अपने साथी वैभव जगने के साथ मिलकर ग्राम धानापुरी में शासकीय मिडिल स्कूल के बच्चों से कही। उन्होंने बच्चों को हाथी से बचाव के लिए पोस्टर पम्पलेट वितरण किया। इस दौरान बच्चों ने वन्य प्राणियों भालू, बन्दर, हिरन, तेंदुआ की वेशभूषा धारण कर आस-पास के ग्रामीणों को प्रकृति एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा का सन्देश दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों तथा आसपास के ग्रामीणों ने भी सहयोग किया।

## सशिमं हथौद करहीभदर के भैया-बहनों ने प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में मारी बाजी

**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्त आश्रम हथौद करहीभदर में कक्षा सप्तम में अध्ययनरत छात्रा चित्राणी साहू पिता मूलसिंह साहू ने सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ बिलासपुर में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में शास्त्रीय गायन में प्रान्त में प्रथम स्थान प्राप्त किया। धानेश्वर कुमार पिता प्रकाश कुमार सेन कक्षा सप्तम ने तबला वादन में प्रान्त में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व दीक्षा रावटे कक्षा सप्तम ने सुलेख प्रतियोगिता में प्रान्त में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार प्रांतीय मेधावी छात्र परीक्षा में प्रान्त में भैया भावेश कुमार



यादव पिता अशोक यादव ने कक्षा चतुर्थ में प्रान्त में तृतीय स्थान प्राप्त किया व बहन निकिता ठाकुर पिता संत राम ठाकुर कक्षा तृतीय में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें प्रांतीय अलंकरण समारोह में सम्मानित किया गया। इस प्रकार भैया बहनों की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार साहू, समिति के अध्यक्ष जागेश्वर सिंह साहू, व्यवस्थापक ओम प्रकाश गजेंद्र, डॉ केपी साहू, राजकुमार गांधी, लीलाराम साहू, तोषण साहू, आचार्य भोजराम अटनागर, बसंत कुमार पांडेय सहित समस्त आचार्य एवं दीदी ने हर्ष व्यक्त किया।

## अब सिवनी से कलेक्टोरेट तक की यात्रा हुई आसान

**बालोद।** जिला संयुक्त कार्यालय आना जाना अब लोगों के लिए आसान हुआ, क्योंकि ग्राम सिवनी से कलेक्टोरेट जाने के लिए सुगम पक्की सड़क की सुविधा लोगों को मिलना शुरू हो गया है।

जिले के लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय आना जाना पड़ता है, लेकिन इस बीच लोगों को झलमला होकर जाने से लम्बी दूरी तय करनी पड़ती थी। इससे लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन, अब सिवनी की तरफ से आवागमन की बेहतर सुविधा मिलने से लोगों को राहत मिलेगी। कुछ महीने पहले राहगीरों को सिवनी से लगे तांदुला नहर पर




पक्की पुल की सुविधा मिली थी और अब पक्की सड़क व सीसी सड़क की सुविधा लोगों को मिलेगी। राहगीर लक्ष्मीकांत ने बताया कि सिवनी से संयुक्त कार्यालय तक पक्की सड़क बनने से समय की बचत हो रही है तथा लम्बी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिल रही है। वहीं, धूल और गड्ढों से भी राहत मिली है।

## कुपोषित बच्चों को दें पौष्टिक भोजन और नाश्ता : चंद्रवाल



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरूर विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र सोरर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विभाग के अधिकारियों से आंगनबाड़ी केन्द्र में कुल कुपोषित बच्चों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विभाग के अधिकारियों को कुपोषित बच्चों को पौष्टिक भोजन एवं नाश्ता प्रदान करने के अलावा आवश्यकता अनुसार इन बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराकर उन्हें कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विभाग के अधिकारियों तथा बच्चों की माताओं को कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें–मुन्हे बच्चों से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को स्वादिष्ट चिक्की भी भेंट की।

## तिलखैरी के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग में जीते 3 मेडल...

**अंडा।** ग्राम तिलखैरी के खिलाड़ियों ने राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीत लिया है। प्रतियोगिता में जहां काव्या साहू और नवीन कुमार साहू ने जहां गोल्ड मेडल जीता, वहीं वीना साहू ने सिल्वर मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। इस दौरान कोच व्योम शंकर चंद्राकर, हरीश कुमार निर्देशक तेजेंद्र हिरवानी योगेंद्र यादव उपस्थित थे।



**कलेक्टर ने ग्रामीणों से की अपील**

## बालिकाओं के भविष्य निर्माण के लिए खुलवाएं खाता : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि बालिकाओं के 21 वर्ष की आयु पूरा होने के उपरान्त उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए सुकन्या समृद्धि योजना अत्यंत लाभकारी योजना है। श्री चन्द्रवाल गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कार्यालय सोरर में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बालिकाओं के खाता खोलने के जिला स्तरीय अभियान के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना



को बालिकाओं के लिए हर दृष्टि से लाभकारी बताते हुए सभी बालिकाओं का शत-प्रतिशत खाता खुलवाने की अपील भी की।

श्री चंद्रवाल ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत मात्र 250 रुपये में बालिकाओं का खाता खुलवाने के साथ ही 1 वर्ष में अधिकतम डेढ़ लाख रुपये की राशि जमा की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान श्री चंद्रवाल ने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा कुपोषित बच्चों को 'रेडी टू इट' पौष्टिक भोजन, नाश्ता इत्यादि प्रदान किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने सभी गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को इसका लाभ उठाने को कहा। जिला पंचायत सदस्य ललिता पिमन साहू ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों की सुरक्षा तथा उनके हितों के रक्षा एवं उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है।

## निकुम में उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का हुआ उद्घाटन, शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/बालोद-निकुम

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने ग्राम निकुम में उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इसके तहत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम निकुम के स्कूल, कॉलेज में पढ़ाने वाले वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल-श्रीफल व प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललित चंद्राकर ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और साक्षरता के इस नव प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में ज्ञान का दीप जलाने का यह सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में सरपंच मुक्ति सुधाकर, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पुराण देशमुख, लीलेश्वर देशमुख, भैया लाल साहू, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय डी.के. शैलेंद्र, संकुल प्राचार्य एके पाण्डे, संकुल समन्वयक संजय चंद्राकर, प्रधान पाठक युवराज बेलचंदन व पूर्णिमा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

■ मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर




### क्या है उल्लास नवभारत कार्यक्रम

उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले उन सभी के लिए पढ़ने-लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है, जो किन्हीं कारणें से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं कर पाए। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन के लिए 01 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसके तहत प्रौढ़ शिक्षा के सभी पक्ष शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411